मौसम रपट/पुर्वानुमान भीलवाड़ा

| | न्यूनतम | अधिकतम | सार संक्षेप |
|---|---|---|---|
| 23-मार्च | 18.0 | 33.0 | आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे। |
| 24-मार्च | 17.0 | 33.0 | आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे। |

समाचार: जिला, आसपास

## हादसे में युवक की मौत

**भीलवाड़ा।** एसआर पेट्रोल पम्प के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार कारोई थाना क्षेत्र के जागदरी ग्राम के निवासी कन्हैयालाल पुत्र देवालाल लुहार (20) की बाइक को एसआर पेट्रोल पम्प के पास अज्ञात वाहन ने चपेट में ले लिया। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे उपचार के लिए महात्मा गांधी अस्पताल में लाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मृतक का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया।

## जहर सेवन से मौत

**भीलवाड़ा।** जिले के शिवपुरा ग्राम में विवाहिता की जहर सेवन के बाद मौत हो गई। पुलिस के अनुसार शाहपुरा थाना क्षेत्र के सरदारपुरा ग्राम ससुराल निवासी पूजा पत्नी लोभचंद भील (२२) ने पीहर शिवपुरा में अज्ञात कारणों से क्षुब्ध होकर जहरीली वस्तु का सेवन कर लिया। उसे उपचार के लिए पहले शाहपुरा व बाद में महात्मा गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया। यहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मृतका का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया।विवाहिता के जहर खाने के कारणों का फिलहाल खुलासा नहीं हुआ है।

## खजवाणिया अध्यक्ष, डसाणिया मंत्री, टांक कोषाध्यक्ष निर्वाचित

**भीलवाड़ा।** मैढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार समाज नगर भीलवाड़ा के चुनाव में कंवरलाल खजवाणिया अध्यक्ष, दिलीप सोनी (डसाणिया) मंत्री गोपाल लाल टांक कोषाध्यक्ष निर्वाचित हुए। मुख्य निर्वाचन अधिकारी गौरीशंकर स्वर्णकार ने बताया की मतदान में 2773 में से 1633 मतदाताओं ने मतदान किया। अध्यक्ष के सीधे मुकाबले में कंवरलाल खजवाणिया ने जसवंत सीकड़ को 66मतों से पराजित किया। कंवरलाल खजवाणिया को 830 तथा जसवंत सीकड़ को 764 मत मिले। इसी प्रकार मंत्री पद के त्रिकोणिय मुकाबलें में दिलीप सोनी (डसाणियां)ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी अनिल सीकड़ को 180 मतों से पराजित किया। दिलीप सोनी को 652, अनिल सीकड़ को 472 व गणपत बुवाल को 439 मत मिले। कोषाध्यक्ष पद के सीधे मुकाबले में गोपाल टांक ने बालुलाल डसाणिया को 171 मतो के अन्तर से पराजित किया। गोपाल टांक को 865 तथा बालुलाल डसाणिया को 695 मत मिले।

# ओवरलोड चालानों से अब तक एक करोड़ से अधिक की राशि वसूली

**भीलवाड़ा** ■ संवाद सूत्र

परिवहन विभाग द्वारा राज्य सरकार की एमनेस्टी योजना के तहत 01 जनवरी 2020 से 31 जनवरी 2021 के मध्य खान एवं भू विज्ञान विभाग तथा परिवहन विभाग के वाहन 4.0 पोर्टल के इंटेग्रेट होने के बाद परिवहन विभाग को एसएसओ आईडी पर प्राप्त 2636 वाहनों के 15917 ई-रवन्ना ओवरलोड के आधार पर विभाग ने सभी वाहनों के ई-रवन्नाओं 15917 चालान बनाकर ई-चालान पोर्टल पर अपलोड किया तथा सभी वाहन स्वामियों एवं खनिज लीजधारकों को नोटिस जारी किए गए।



राज्य सरकार ने 24 फरवरी 2021 को ऐसे चालानों की जुर्माना राशि पर 31 मार्च तक जमा करवाने पर एमनेस्टी योजना के तहत 75 से 95 प्रतिशत तक की छूट दी जा रही है। अभी तक कुल 293 वाहनों के 2156 चालानों से 1 करोड 6 लाख रूपये जुर्माना राशि, इस योजना के तहत वसूल की जा चुकी है जबकि इन वाहनों का जुर्माना 7 करोड 64 लाख से अधिक बनता है, एमनेस्टी योजना के तहत 6 करोड 35 लाख की छूट दी गई है। जिला परिवहन अधिकारी डॉ वीरेन्द्र सिंह राठौड ने बताया कि इस योजना का लाभ मात्र 293 वाहन स्वामियों ने ही उठाया है, अभी भी 2343 वाहनों के 13761 चालान शेष हैं। यदि सभी वाहन स्वामी एवं लीजधारक 31 मार्च से पूर्व यह जुर्माना राशि जमा करवा देते हैं, तो परिवहन विभाग को कुल 12 करोड 37 लाख रूपये का राजस्व मिल सकता है।

उन्होंने बताया कि सभी वाहन स्वामियों एवं लीजधारकों को इस योजना के बारे में जानकारी देते हुए उनके वाहन फर्म द्वारा किए गए ओवरलोड के अपराध के संबंध में दोनों को नोटिस जारी किए गए हैं तथा सभी वाहनों को ब्लैकलिस्टेड भी कर दिया गया है। खान एवं भू विज्ञान विभाग को भी इन नोटिसों की प्रति देते हुए लीजधारकों से भविष्य में ओवरलोड न भरने एवं जिन वाहनों के ई-रवन्ना वाहनों के चालान बने उन्हें 31 मार्च से पहले एमनेस्टी योजना का लाभ दिलाते हुए प्रशमन करने हेतु आग्रह किया है। यदि लीजधारकों द्वारा उक्त चालानों को कंपाउण्ड नहीं करवाया जाता है तो मोटर वाहन अधिनियम की धारा 199 के तहत कार्यवाही की जाएगी। विभाग का इस वर्ष का लक्ष्य 139.88 करोड है, जिसके विरूद्ध फरवरी माह तक 87.76 करोड का राजस्व वसूला जा चुका है, मार्च माह का लक्ष्य 38.32 करोड है जिसके विरूद्ध अब तक 22.50 करोड का राजस्व ही अर्जित हुआ है। मार्च माह में अब कुल 9 दिन शेष रहे हैं। जिले में कुल 7,622 भार वाहन हैं, जिनमें से अब तक वर्ष 2021-22 का 4,200 भार वाहनों का ही कर जमा हुआ है। सभी उडनदस्तों को बकाया कर वाहनों को मिलते ही जब्त करने के निर्देश दिए गए हैं। इस माह भीलवाड़ा परिवहन जिले में कार्यरत चारों उडनदस्तों को 30-30 लाख रूपये जुर्माना राशि वसूलने के निर्देश दिए गए हैं। अब तक उडनदस्तों द्वारा कुल 80 लाख रूपये ही जुर्माना वसूल किया गया है। एमनेस्टी योजना के तहत 31 जनवरी 2021 तक बकाया कर वाले समस्त प्रकार के वाहनों द्वारा 31 मार्च 2021 तक मूल कर जमा करवाने पर पेनल्टी एवं ब्याज में शत प्रतिशत छूट है।

जिला परिवहन अधिकारी ने ऐसे वाहनों स्वामियों से इस योजना का लाभ लेकर मूल कर जमा कर शास्ती व ब्याज की छूट का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। अब तक 360 वाहन स्वामियों ने इस योजना का लाभ उठाया है जिसके तहत 4.87 लाख रूपये शास्ति की छूट देकर 1 करोड 53 लाख रूपये बकाया कर वसूला जा चुका है। ऐसे वाहन स्वामी जिनके वाहन नष्ट हो चुके हैं या किसी कारण खुर्द-बुर्द कर चुके हैं, वे उक्त दिनांक का साक्ष्य कबाडी का बिल एवं शपथ पत्र प्रस्तुत कर पंजीयन निरस्त करवा सकते हैं। अब तक ऐसे कुल 12 वाहनों का पंजीयन निरस्त किया जा चुका है।

## फागोत्सव में भक्तों ने जमाया रंग

**भीलवाड़ा** ■ संवाद सूत्र

आजा बार न सांवरिया थारा भक्त बुलावे रे, मंदिर में घुस गया होली खेलन से डर तो सांवरो, सांवरिया अप्पा होली खेला जी, फागणियो आ गयो सांवरिया गिरधारी, राधा संग होली नंदलाल खेलत, यह मस्त महीना फागुन का, ऐसी होली खेली कान्हा भांग चढ़ गई कन्हैया मान जा रे आंखों में गुलाल पडगी जैसे भक्तों पर नाचते-झूमते भक्तगण, फुलों से भव्य श्रृंगारित सांवलिया सेठ की प्रतिमा, ठाकुर जी संग फुलों की होलती खेलते भक्त। मौका था परम पूज्य माधव गो विज्ञान अनुसंधान संस्थान की ओर से नौगांवा में संचालित माधव गौशाला परिसर में स्थित सांवरिया सेठ मंदिर में फाल्गुन शुक्ल सप्तमी के उपलक्ष में मनाए गए फाग उत्सव का। भजन गायिका पुष्पा गग्गड़ ने अपनी सहयोगी टीम के साथ एक से बढकर एक भजन पेश कर माहौल को होली के रंग में रंग दिया। सांवलिया सेठ को पहली बार फुलों से इतना भव्य रूप में सजाया गया की श्रद्धालुओं की आंखे टिकी रह गई। मंदिर प्रबंध समिति के संयोजक गोविंद प्रसाद सोडाणी ने बताया कि सुबह सांवरिया भजन मंडली भोपालगंज की ओर से भजनों की प्रस्तुति दी गई।

## राठौर जिलाध्यक्ष नियुक्त

**गुलाबपुरा।** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष ऋषिपाल सिंह परमार ने गुलाबपुरा निवासी महेंद्र सिंह राठौड़ को संगठन का भीलवाड़ा जिला अध्यक्ष नियुक्त किया है। राठौड़ को जिला अध्यक्ष नियुक्त करने पर निवर्तमान पालिकाध्यक्ष धनराज गुर्जर, उपाध्यक्ष सावरनाथ योगी, पार्षद गोपेश मैठाणी, हरीश शर्मा, गोविंद चांदवानी, विजय सिंह पवार इत्यादि ने हर्ष व्यक्त किया।

## फटाफट

### विश्व जल दिवस पर आरयूआईडीपी ने किया जागरूकता कार्यक्रम



**भीलवाडा ।** आर.यू.आई.डी.पी. की सीएपीसी इकाई द्वारा विष्व जल दिवस के अवसर पर कावाखेडा कच्ची बस्ती के लोगो के साथ पानी के महत्व के बारे में चर्चा कर उनको जागरूक किया गया। सामुदायिक जागरूकता एवं सहभागिता सलाहकार इकाई, भीलवाडा के समुदाय विकास विषेषज्ञा कमलेष कुमार शर्मा ने जल सरक्षण के बारें में बताते हुये कहा कि हम इसके बारे मे सजग रहना होगा जल कि सभी लोगो को बचत करनी चाहिये, जल एक प्राकृतिक संसाधन है जिसका उपयोग समझदारी से करना चाहिये यदि वर्तमान मे सचेत नही हुये तो भविष्य मे इसके दुखद परिणाम देखने को मिल सकते है। क्यो कि जल ही जीवन हे और जीने के लिए सबसे जरूरी आवश्यकता।

### रिकॉर्ड बनाने के लिये युवा आज करेगें रक्तदान रक्तदाताओ को

**भीलवाड़ा।** शहीद दिवस के अवसर पर इस वर्ष भीलवाड़ा के युवा गिनीज बुक ऑफ रिकाड्र्स में शामिल होने के लिए शहीदों की स्मृति में ज्यादा से ज्यादा रक्तदान करेंगे। शहीद स्मृति संस्थान के नारायण लाल भदाला ने बताया की महान क्रांतिकारी शहीद भगत सिंह , सुखदेव , राजगुरु को समर्पित करते हुए सम्पूर्ण भारत वर्ष में 28 राज्यो एवं 8 केंद्र शासित प्रदेशों में 23 मार्च को शहीद दिवस के उपलक्ष्य में नेशनल इंटीग्रेटेड फोरम ऑफ आर्टिस्ट्स एंड एक्टिविस्ट्स एवं संवेदना एक पहल के द्वारा इंटरनेशनल ब्लड, प्लाज्मा डोनेशन अवेयरनेस प्रोग्राम के तहत शहीद दिवस को राष्ट्रीय स्तर पर देश भर में एक ही दिन एक ही समय पर देशभर में विभिन्न स्वयंसेवी संस्थाओं की सहभागिता से 1500 रक्तदान शिविरों का आयोजन किया जाकर 90 हजार से अधिक यूनिट रक्तदान का लक्ष्य रख कर गौरवशाली दिन को गिनीज बुक ऑफ रिकाड्र्स में दर्ज कराने के लिए देश भर की संस्थाओं से सहभागिता की अपील पर शहीद स्मृति संस्थान भीलवाड़ा लगातार 11 वे वर्ष शहीद दिवस पर रक्तदान शहीदों के नाम अपील के साथ हरणी महादेव मंदिर प्रांगण में रक्तदान शिविर का आयोजन करने जा रहा है।

हलचल : मेवाड़

## केन्द्र के दोगले रवैये से नहीं मिल पाया मेमू कोच और इस्पात कारखाना

**भीलवाड़ा** ■ संवाद सूत्र

जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रामपाल शर्मा ने जिला प्रशासन को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन देकर भीलवाड़ा के रूपाहेली मंब मेमू कोच फैक्ट्री तथा जिले में इस्पात कारखाना लगाने एवं हवाई अड्डा प्रारंभ करने की मांग की। जिला महामंत्री संगठन महेश सोनी ने बताया कि ज्ञापन में वर्ष 2013-१४ में लोकसभा के रेल बजट में 800 करोड़ रूप्ये की लागत से मेमू कोच कारखाना भीलवाड़ा जिले के रूपाहेली ग्राम में स्वीकृत हुआ था जिसमें राजस्थान सरकार के तत्कालीन मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने प्रदेश सरकार से फैक्ट्री हेतु 1293 बीघा भूमि मेमू कोच कारखाने हेतु आवंटित कर रेलवे को उपलब्ध कराई गई तत्पश्चात 22 सितम्बर 2013 को तात्कालीन यूपीए



अध्यक्ष मती सोनिया गांधी, प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह, राजस्थान सरकार के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, भारत सरकार के रेल मंत्री खडगे एवं सडक-परिपहन मंत्री डॉ. सी.पी. जोशी ने मेमू कोच कारखाने का शिलान्यास किया था। वर्तमान में भारत सरकार के रेल मंत्रालय ने इस कारखाने के संबंध में संसद में कोच कारखाने को निरस्त करने की जानकारी दी है।

इसी प्रकार यूपीए की केन्द्र सरकार ने भीलवाड़ा जिले के बनेड़ा एवं जहाजपुर में प्रचुर मात्रा में लौह तत्व होने से दोनों जगह इस्पात कारखाना प्रारंभ करने की घोषणा की थी उस पर भी भारत सरकार के मंत्रालय ने कोई कार्यवाही नहीं की जबकि बनेड़ा में भूमि आवंटन कर दी गई थी। हमीरगढ़ हवाई पट्टी को विकसित कर हवाई अड्डा स्वीकृत हो चुका है जो आज तक कार्य नहीं हुई है तथा वहां से प्रतिदिन उड़ान भरने के लिए योजना को भी रोक दिया गया है। हमीरगढ़ हवाई पट्टी से वस्त्र नगरी भीलवाड़ा के साथ ही चित्तौडगढ़ के पर्यटन को भी बढ़ावा मिलता। अहमदाबाद से किशनगढ़ तक पिछले 7 वर्षा से कार्य अटका हुआ है। मांडल से रासबाबरा तक भी पिछले 7 वर्षो से सडक का कार्य रूक-रूक हो रहा है।

यूपीए सरकार द्वारा शिलान्यास किये गये मेमू कोच कारखाने को राजनीतिक द्वेषतावश निरस्त करना एवं इस्पात कारखानों पर आगे कोई कार्यवाही नहीं करना उदासीनता को दशार्ता है। राजस्थान राज्य पिछड़ा राज्य होते हुए विकास की ओर से उन्मुख है जिस पर भारत सरकार का यह रवैया सरासर दोगला है।

## मादक पदार्थ सेवन रोकथाम के लिए कार्यशाला

**भीलवाड़ा** ■ संवाद सूत्र

युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा स्वायत्तशासी संस्था नेहरू युवा केंद्र संगठन के तत्वाधान में नेहरू युवा केंद्र भीलवाड़ा द्वारा मादक पदार्थों एवं शराब सेवन रोकथाम विषय पर जिला स्तरीय एक दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यक्रम आयोजित किया गया । जिला युवा समन्वयक सुमित यादव ने बताया कि कार्यक्रम कृषि विज्ञान केंद्र भीलवाड़ा में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि केवीके भीलवाड़ा के अध्यक्ष एवम् सीनियर साइंटिस्ट डॉ सी एम यादव



रहे। विषय विशेषज्ञ परिवहन विभाग से महेश पारीक एवं केवीके भीलवाड़ा से वैज्ञानिक डॉ के सी नागर नशा छोड़े स्वस्थ रहे के संयोजक नारायण भदाला रहे। नारायण भदाला ने युवाओं को नशे के दुष्प्रभाव के बारे में बताते हुए कहां की आज की युवा पीढ़ी पहले नशे को मनोरंजन के रूप में लेते हैं और बाद में वह उनकी आदत बन जाता है, जो कि जानलेवा भी साबित होता है। नारायण भदाला ने कार्यशाला में नशा न करने की शपथ दिलाई। विशिष्ट अतिथि डॉक्टर सीएम यादव ने नशे से दूर रहने के युवाओं को प्रेरित किया साथ ही जल का सदुपयोग करने के लिए प्रेरित किया। डॉ. के .सी. नागर ने युवाओं को नशे के दुष्परिणामों के बारे में बताया। महेश पारीक ने कार्यशाला में बताया कि आज की युवा पीढ़ी को नशे के दुष्परिणामों के बारे में लोगों को जागरूक करना पड़ेगा। कार्यक्रम का संचालन शुभम ओझा व आकांक्षा मेहता ने किया। एन वाई वी दिनेश धाकड़ द्वारा नशे के दुषपरिणामों पर एक शॉर्ट फिल्म दिखाई गई।

## सुर्खियां

### कानावत ऑफिसियल टीम में

**भीलवाड़ा।** नेशनल राइफल एसोसिएशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में 23 मार्च से 6 अप्रैल 2021 तक जयपुर जगतपुरा शूटिंग रेंज में होने वाली 40वी नॉर्थ जोन शूटिंग चैम्पियनशिप में भीलवाड़ा की राष्ट्रीय निशानेबाज एवं प्रशिक्षक आकांक्षा कानावत ऑफिसियल टीम में शामिल की गई हैं। वे सरकार द्वारा जारी कोविड-19 गाइड लाइन का पालन करते हुए प्रतियोगिता को सफल बनाने में सहयोग करेगी। प्रतियोगिता का कल प्रातः 9.30 बजे खेल मंत्री अशोक चाँदना शुभारम्भ करेंगे।

### मौसम बदलने से, बीमार होकर लोग पहुंच रहे अस्पताल

**भीलवाड़ा ।** मौसम में परिवर्तन के साथ ही अस्पतालों में रोगियों की संख्या बढ? लगी है। दिन में गर्मी व रात में तापमान में कमी होने से लोग बीमार हो रहे है। सर्दी, जुकाम व बुखार के साथ ही खांसी से पीड़ति होकर अस्पताल पहुंचने वाले लोगों की संख्या में काफी वृद्धि हुई है। सोमवार को भी महात्मा गांधी अस्पताल के आउटडोर में बड़ी संख्या में मरीज पहुंचे। इन रोगियों में अधिकांश रोगी मौसम परिवर्तन के चलते बीमार हुए है। अस्पताल प्रशासन ने लोगों से इस बदलते मौसम में अनिवार्य रूप से सावधानी बरतने व बीमार होने पर तत्काल चिकित्सक को दिखाने की अपील की है। रोगी बढ? का मुख्य कारण टेम्परेचर वेरियेशन महात्मा गांधी अस्पताल के अधीक्षक डॉ. अरूण गौड़ ने बताया की एमजीएच में निरंतर रोगियों की संख्या बढ़ रही है। इसका मुख्य कारण टेम्परेचर वेरियेशन है। दिन में गर्मी बहुत ज्यादा पड़ती है। रात को ठंडी हवा चलने लग जाती है। जब टेम्परेटर वेरियेशन होता है तो इसमें हमें बहुत सावधानी रखने की जरूरत होती है। सर्दी-जुकाम के जो भी मरीज आते है वह अस्पताल के पीछे आईएलआई ओपीडी संचालित है वहां आकर अपनी जांच कराए और कोविड-१९ की सैंपलिंग भी वहां हो रही है। अधीक्षक डॉ. अरूण गौड़ ने आमजन से अपील की है की जो ६० साल से ऊपर की आयु के वरिष्ठ नागरिक या ४५ साल से ऊपर के है जिनकों कोमोन्बिडीटी है वो आए और कोविड का वैक्सीन लगवाए। हमारा अनुभव यह कहता है पिछले एक साल का जो क ोविड मृत्यु दर है वो सबसे ज्यादा वरिष्ठ नागरिकों में है जिनकों गंभीर बीमारियां जैसे हार्ट की तकलीफ, डायबीटीज है, बीपी है उन्हीं की मृत्यु ज्यादा होती है। अगर हम 60 साल से ज्यादा के जितने भी लोग है वह वैक्सीनेट करवा ले।

### वेतन नहीं मिलने पर, यूटीबी कार्मिकों का प्रदर्शन

**भीलवाड़ा।** राजमाता विजया राजे सिंधिया राजकीय मेडिकल कॉलेज में यूटीबी के तहत विभिन्न पदों पर कार्यरत करीब 35 कर्मचारियों को पिछले तीन माह से वेतन नहीं मिल पा रहा है। इनमें फिजियोथेरेपिस्ट चिकित्सक से लेकर लैब टेक्नीशियन व कम्पयूटर ऑपरेटर तक शामिल है। वेतन नहीं मिलने से यह अल्प वेतनभोगी कर्मचारी अपने परिवार का जीवन यापन काफी परेशानी झेल कर करने को मजबूर हो रहे है। वेतन रूकने के साथ ही इनकी सेवा में अभिवृद्धि के आदेश भी जयपुर से नहीं आ रहे है। इसे लेकर सोमवार को कर्मचारियों ने महात्मा गांधी अस्पताल के सामने पार्क में बैठक के बाद विरोध प्रदर्शन किया। मेडिकल कॉलेज यूटीबी कार्मिक संघ के अध्यक्ष नवनीत उपाध्याय ने बताया की आरवीआरएस मेडिकल कॉलेज प्रशासन द्वारा समय पर यूटीबी कार्मिकों का सेवा अभिवृद्धि प्रस्ताव भिजवाने के बाद भी जयपुर से अभी तक सेवा अभिवृद्धि आदेश जारी नहीं किए गए हैं, वेतन नहीं मिलने के कारण सभी कर्मचारियों में आक्रोश है। हर वर्ष उन्हें सेवा अभिवृद्धि नहीं बढने से परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

## समाचार-आसपास

### तलेसरा बने अध्यक्ष

**भीलवाड़ा।** भीलवाड़ा इलेक्ट्रिक डीलर्स एसोसिएशन के चुनाव आज एसोसिएशन के फार्म हाउस कोटडी रोड पर हुए। इसमें सुनील तलेसरा को निर्विरोध पुनः अध्यक्ष चुना गया। चुनाव अधिकारी सत्यनारायण अजमेरा, सत्यनारायण मेलाना एवं सुरेश बम्ब की देखरेख में चुनाव हुए। अध्यक्ष के लिए काफी सदस्यों ने दावेदारी की परंतु सभी सदस्यों ने निर्विरोध तलेसरा को अध्यक्ष के लिए निर्वाचित किया। तलेसरा ने सभी का हृदय से आभार व्यक्त करते हुए शीघ्र ही नई कार्यकारिणी बनाने की घोषणा की। इस दौरान एसोसिएशन के अनिल राठी, रामपाल सोनी, सुरेश बम्ब, पारस ढाबरिया, प्रदीप भंडारी, दिनेश अग्रवाल, अरविंद राठी, धर्मवीर चौधरी, नरेश मुनोत, मुकेश बियानी, सत्यनारायण बंसल, मनीष गोखरू, रामलाल सुवालका, सज्जन मेहता, महेंद्र चौधरी, चंद्रप्रकाश सिंघवी, दिलीप बाघमार, पवन संचेती, अरविंद बोहरा, दिनेश सोनी सहित एसोसिएशन के कई सदस्य उपस्थित थे।

### बांटे परिंडे

**भीलवाड़ा।** आजाद नगर विकास समिति डी सेक्टर एवं भारत विकास परिषद प्रताप शाखा के संयुक्त तत्वावधान में आजाद नगर डी सेक्टर पार्क में परिंडे वितरण किए गए। महामंत्री योगेश शर्मा ने बताया कि आगामी दिनों में और भी परिंडे वितरित किए जाएंगे। जिससे गर्मियों के दिनों में मुक पक्षियों के लिए दाने पानी की व्यवस्था हो सके। इस अवसर पर अध्यक्ष ओमप्रकाश शर्मा, तारकेश्वर गौतम, शांतिलाल छिपा, गोविंद शर्मा, ललित शर्मा, कैलाश चंद्र जागेटिया, संजय सोमानी, देवेंद्र कुमार, मुरली मनोहर मूंदड़ा, रामराय भूतड़ा, ओम प्रकाश माहेश्वरी, अनिल खंडेलवाल, गोपाल सेन, प्रेम चंडालिया, रामचंद्र शर्मा, बनवारी लाल लड्ढा, राजशेखर जैन, नंद लाल शर्मा,अरुण सुखवाल, कृष्ण कुमार बंसल, मनोज नागा, राम नारायण धनोपिया, रामपाल काबरा, शंकर सिंह राठौड़, दलपत सिंह राठौड़, श्याम पाराशर, देवेंद्र गोयल, बनवारी अग्रवाल, नवरत्न सोनी एवं पार्षद नरेश जाट उपस्थित थे।

### फागोत्सव मनाया

**भीलवाड़ा।** पिपलेश्वर महादेव महिला मंडल की ओर से छोटी पुलिया के निकट पालड़ी रोड पर मंदिर प्रांगण में फागोत्सव मनाया गया। महिलाओं ने राधा कृष्ण संग फूलों व गुलाल के साथ होली खेली। संगीतमय पांरपरिक होली के गीतों व भजनों पर नृत्य का आनंद लिया। भगवान भोले का विशेष श्रृंगार किया गया। मंडल अध्यक्ष किरण गौड़ ने बताया कि आकर्षक झांकी के लिए मंडल सचिव अंगुरबाला कोगटा द्वारा प्रमिला आजाद व सरला चतुवेर्दी का सम्मान भी किया गया। कार्यक्रम में मधु विजयवर्गीय, बसंत कंवर, बसंती देवी जोशी, मंजू पाटोदिया, सीमा बिड़ला, संतोष नुवाल, राजकुमारी पोरवाल, मंजू झंवर, लीला सिसोदिया, लाड कचोलिया, ज्ञान किरण व्यास, गायत्री व्यास, पुष्पा पोरवाल, निर्मला शर्मा, शांता सेन, सरला चतुवेर्दी, अनीता नुवाल, सुनील दाधीच, प्रमिला आजाद, सोनम तंबोली, प्रीती नुवाल, दुर्गा, अनिल त्रिपाठी, मुन्ना बिडला सहित कई महिलाओं ने भाग लिया।[र

### पीडब्ल्यूडी एसई खटीक को चुनाव कार्य में लापरवाही पर नोटिस

**भीलवाड़ा।** सहाड़ा विधानसभा उपचुनाव के कार्य में लापरवाही बरतना सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियंता आरएल खटीक को भारी पड़ गया। जिला निर्वाचन अधिकारी (कलेक्टर) शिवप्रसाद एम.नकाते ने पीडब्ल्यूडी एसई खटीक को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। जिला निर्वाचन कार्यालय भीलवाड़ा द्वारा सार्वजनिक निर्माण विभाग के विकास कार्यों की सूचना एसई खटीक से मांगी गई थी।

**टाइटन बायोटेक लिमिटेड**

CIN: L74999RJ1992PLC013387

पंजी. कार्यालय: ए-902ए, रीको इंडस्ट्रियल एरिया, फेज-III, भिवाड़ी, राजस्थान-301019

फोन: 011-27674615 | ई-मेल: hrd@titanbiotechltd.com | वेबसाईट : www.titanbiotechltd.com

शेयर प्रमाण पत्र की हानि की सूचना

एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि टाइटन बायोटेक लिमिटेड के निम्नलिखित शेयर प्रमाणपत्र जो कंपनी द्वारा जारी किए गए थे गुम या चोरी हो गए हैं और उक्त शेयर प्रमाणपत्र के पंजीकृत धारक / दावेदार ने डुप्लिकेट शेयर प्रमाणपत्र जारी करने के लिए कंपनी में आवेदन किया है।

| क्रम सं. | नाम और फोलियो नं. | प्रमाण पत्र सं. | डसटिन्कटिव नं. | इक्विटी शेयरो की सं. |
|---|---|---|---|---|
| 1. | कृष्णा गर्ग 4896 | 16037 | 1584171-1584270 | 100 |
| 2. | सुरेश कुमार गर्ग 4897 | 16038 | 1584271-1584370 | 100 |

किसी भी व्यक्ति जिनके पास इस तरह के शेयर प्रमाणपत्रों के संबंध में कोई दावा करता है, इस नोटिस के प्रकाशन के 15 दिनों के भीतर कंपनी के साथ लिखित रूप में इस तरह के दावे को दर्ज करना चाहिए। जिसके बाद कोई दावा नहीं किया जाएगा और रजिस्ट्रार डुप्लीकेट प्रमाण पत्र जारी करने के लिए आगे बढ़ेंगे।

कृते के लिए
टाइटन बायोटेक लिमिटेड
हस्ता/-
चरनजीत सिंह
कंपनी सचिव

दिनांक: 22-03-2021
स्थान : नई दिल्ली